**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**12.04.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री ने दुर्गम और ऊंचाई पर स्थित इलाकों में सीमा सड़क संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने महिलाओं से नशे के खिलाफ संघर्ष करने का किया आह्वान।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बताया भाजपा की ताकत।
- प्रदेश में मौसम में आए बदलाव से तापमान में गिरावट– ओलावृष्टि से कई जगह फलदार पौधों को नुकसान।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के दुर्गम और ऊंचाई पर स्थित इलाकों में सीमा सड़क संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और दूरदराज़ के पहाड़ी क्षेत्रों में लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने में संगठन की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री आज शिमला में सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन से चर्चा के दौरान बोल रहे थे। महानिदेशक ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि संगठन ने दीपक परियोजना के माध्यम से मनाली और सिसु क्षेत्रों में 3 प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन, सुधार और विकास का दायित्व निभाया है। मुख्यमंत्री ने संगठन से सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण चम्बा–बैरागढ़–साच पास–किलाड़ सड़क को अपने नियंत्रण में लेने का आग्रह किया। इस दौरान दुर्गम क्षेत्रों के कई अन्य मार्गों के विकास को लेकर भी चर्चा की गई।

**अंबेडकर**

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती को भाजपा सामाजिक न्याय अभियान के रूप में मना रही है। इस उपलक्ष्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा की एक राज्यस्तरीय बैठक आज प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित की गई। इस बैठक में अंबेडकर जयंती पर आने वाले दिनों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। राजीव बिंदल ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचार और सिद्धांत देश की एकता व समरसता के लिए आज भी प्रेरणास्रोत हैं। प्रदेश भाजपा महासचिव

बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि 15 से 25 अप्रैल के बीच राज्य के 17 संगठनात्मक ज़िलों में संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा जिनमें डॉक्टर अंबेडकर के विचारों और योगदान पर चर्चा की जाएगी।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने महिलाओं से नशे के खिलाफ संघर्ष करने का आह्वान किया है। वे आज शिमला ज़िले में मशोबरा के समीप क्यारकोटी में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ते चिट्टे के नशे से कई घरों के चिराग बुझ गए हैं लेकिन फिर भी इस बुराई के खिलाफ लोग खुलकर बोलने को तैयार नहीं हैं। राज्यपाल ने क्षेत्र में गोवर्धन धाम स्थापित करने के लिए स्थानीय वैलफेयर सोसायटी के प्रयासों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि गोवंश के संरक्षण का कार्य अपने आप में पुण्य है और ये कार्य समाज में मानवीय संवेदनाओं को जगाने वाला भी है।

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी इस दौरान मौजूद रहे। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा गौ संरक्षण व गौशालाओं के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

हिमाचल दिवस

हिमाचल दिवस का राज्यस्तरीय समारोह 15 अप्रैल को चम्बा ज़िले के किलाड़ में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू समारोह की अध्यक्षता करेंगे जबकि विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और विधायक सुंदर सिंह ठाकुर इस दौरान विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। पांगी के आवासीय आयुक्त रमन घरसंगी ने आज समारोह की तैयारियों को लेकर किलाड़ में अधिकारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को ज़रूरी दिशा–निर्देश दिए।

शहीद

हमीरपुर ज़िले में नादौन क्षेत्र के कोहलवीं गांव निवासी सूबेदार कुलदीप चंद जम्मू–कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ एक अभियान में शहीद हो गए हैं। उनकी शहादत से क्षेत्र में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने उनकी शहादत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शहीद की वीरता और साहस को नमन करते हुए कहा कि देश इस जांबाज़ सिपाही का हमेशा ऋणि रहेगा। वहीं विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी सूबेदार कुलदीप चंद की शहादत पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि कुलदीप चंद की शहादत पर पूरे प्रदेश को गर्व है और उनके अविस्मरणीय योगदान को हमेशा सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की ताकत बताया है। चम्बा ज़िले में भरमौर क्षेत्र के मैहला में आज सक्रिय सदस्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा 13 करोड़ से अधिक सदस्य वाला लोकतांत्रिक संगठन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी निर्धारित 15 लाख सदस्यों का लक्ष्य पूरा कर इससे कहीं अधिक सदस्य बनाए गए हैं। प्रदेश कांग्रेस

सरकार की कार्यप्रणाली की चर्चा करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि झूठ बोलकर सत्ता में आई प्रदेश सरकार आज डगमगाई हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज़ नहीं रह गई है और जनता का भी कांग्रेस सरकार से भरोसा उठ चुका है। जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बिछे सड़कों के जाल को केन्द्र सरकार की देन बताया। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों का विकास भी भाजपा कार्यकाल में ही सुनिश्चित हुआ है।

**पुल**

कुल्लू–बंजार–आनी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बंजार के समीप मंगलौर में वैकल्पिक मार्ग तैयार कर इसे अस्थाई रूप से यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है। ये मार्ग बीती रात मंगलौर में पुल टूटने के कारण अवरूद्ध हो गया था। उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि करीब 12 घंटे बाद वैकल्पिक मार्ग के बनने से सैलानियों और स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि ये पुल काफी पुराना था और जल्द ही इस स्थान पर लोहे का पुल लगाकर मार्ग को वाहनों के लिए खोला जाएगा।

**साहित्य यात्रा**

हिमालय साहित्य संस्कृति व पर्यावरण मंच द्वारा भाषा व संस्कृति विभाग के सहयोग से बाबा भलकू की स्मृति में कालका–शिमला रेल साहित्य यात्रा का आयोजन किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने शिमला से इस यात्रा को रवाना किया। इस दो दिवसीय साहित्य यात्रा में देशभर के 31 लेखक भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हिमालय साहित्य मंच पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। उन्होंने लेखकों से नशाबंदी के लिए भी अपनी कलम चलाने का आह्वान किया ताकि हम आने वाली पीढ़ी को एक बेहतरीन समाज दे सकें।

**मौसम**

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज हल्का हिमपात हुआ है। इसके अलावा निचले इलाकों में कई स्थानों पर गरज के साथ वर्षा व ओलावृष्टि हुई है। कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि से फलदार पौधों को नुकसान पहुंचा है। मौसम में आए इस बदलाव से दिन के समय लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि सहित ऊंची चोटियों पर हल्के हिमपात की संभावना जताई है।

**हनुमान जयंती**

देश सहित प्रदेशभर में हनुमान जयंती आज धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। प्रदेश के विभिन्न हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। इस अवसर पर मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण का पाठ किया गया। इधर राजधानी शिमला के जाखू स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में भी दिनभर भक्तों की लम्बी–लम्बी कतारें देखी गईं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भी आज जाखू मंदिर में शीश नवाया।

**बैसाखी मेला**

कांगड़ा ज़िले के देहरा में राज्यस्तरीय कालेश्वर बैसाखी मेला शुरू हो गया है। विधायक संजय रतन ने मेले का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस अवसर पर एक शोभा यात्रा भी निकाली गई जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। विधायक ने लोगों को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कालेश्वर में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय बैसाखी मेले का अपना ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। उन्होंने कहा कि इस मेले में आस्था और परम्परा के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संगम भी देखने को मिलेगा।

<u>अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- मुख्यमंत्री ने दुर्गम और ऊंचाई पर स्थित इलाकों में सीमा सड़क संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने महिलाओं से नशे के खिलाफ संघर्ष करने का किया आह्वान।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बताया भाजपा की ताकत।
- प्रदेश में मौसम में आए बदलाव से तापमान में गिरावट– ओलावृष्टि से कई जगह फलदार पौधों को नुकसान।